वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे

वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे
तोहरी प्यारी रे सुरतिया वारी जाऊं रे

भोला भोला मुखड़ा उस पे नैना कारे कारे
नैन लड़े है जॉब्स तो से हुए रे हम मतवारे
वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे
तोहरी मोहिनी सुरतिया पे सांवरिया वारी जाऊं रे

मोर मुकुट माथे चन्दन का टीका लागे प्यारा
उन हाथों पे सदके जाऊं जिसने तुझे संवारा
वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे
तेरे होंठों की मुरलिया पे सांवरिया वारी जाऊं रे

गल पितामबर हार गले में शोभा श्याम बढ़ावे
देख तेरा श्रृंगार सांवरिया मनवा चैन ना पावे
वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे
कुंदन मोहिनी मूरतिया पे सांवरिया वारी जाऊं रे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14190/title/vaari-jaau-re-balihaari-jau-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |